मृदुल पत्रिका समाचार पत्र को समस्त जिलों एवं तहसील-कस्बों में संवाददाताओं की आवश्यकता है। सम्पर्क सूत्र 9828888853

दैनिक
मृदुल पत्रिका
राजस्थान, दिल्ली, उत्तरप्रदेश एवं हरियाणा से प्रकाशित

हमारे यहां किताबों व समाचार पत्रों की प्रिन्टिंग की जाती है सम्पर्क सूत्र 9571039307 (भरत प्रिंटर्स एण्ड सैल्स कॉर्पोरेशन)

पृष्ठ 8 वर्ष 16 मूल्य 2.00 रुपए अंक 46 | जयपुर, बुधवार, 25 सितम्बर, 2024 | RNI/RAJHIN/2008/27048 | dainikmridulpatrika@gmail.com | 9413193990

सीरी के वैज्ञानिक चिराग मिस्त्री को आईईआई यंग इंजीनियर्स अवार्ड

पिलानी (मृदुल पत्रिका)। सीएसआईआर-सीरी के वैज्ञानिक चिराग प्रकाशचंद्र मिस्त्री को मैकेनिकल इंजीनियरिंग डिवीजन में प्रतिष्ठित आई ई आई यंग इंजीनियर्स अवार्ड 2024-25 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें चंडीगढ़ में आयोजित 39वें राष्ट्रीय यांत्रिक इंजीनियरों के सम्मेलन के उद्घाटन सत्र के दौरान प्रदान किया गया। इस सम्मान के अंतर्गत चिराग को प्लैक (स्मृति चिह्न) एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गया।

आईईआई यंग इंजीनियर्स अवार्ड हर वर्ष उन युवा इंजीनियरों और वैज्ञानिकों को दिया जाता है, जिन्होंने क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान किया हो। यह पुरस्कार इंजीनियरिंग अनुसंधान में उत्कृष्टता, नवीन प्रौद्योगिकी विकास, और समाज कल्याण के लिए तकनीकी नवाचारों के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया जाता है। चिराग मिस्त्री संस्थान में वरिष्ठ वैज्ञानिक के पद पर कार्यरत हैं और वर्तमान में संस्थान के माइक्रोवेव डिवीज़न में ट्रेवलिंग वेव ट्यूब्स के डिजाइन एवं विकास में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

संस्थान के निदेशक और स्टाफ ने चिराग मिस्त्री की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। गतवर्ष संस्थान के वैज्ञानिक डॉ राहुल प्रजेश को इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग डिविज़न में इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। ये सम्मान संस्थान के अन्य युवा वैज्ञानिकों एवं इंजीनियरों को अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रेरित करते हैं।

क्या है आई ई आई युवा इंजीनियर पुरस्कार – इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) द्वारा प्रदत्त युवा इंजीनियर अवार्ड अनुसंधान, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण आदि उत्कृष्ट कार्यों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 35 वर्ष से कम आयुवर्ग के इंजीनियरों को दिया जाता है। पुरस्कार का उद्देश्य इन क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले इंजीनियरों को सम्मानित करना है। इसके अंतर्गत सभी 15 इंजीनियरिंग डिविजनों के विजेताओं को संस्था द्वारा आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में सम्मानित किया जाता है।